

Kumar Ramesh
Managing Director

# 26 August 2022

# Career Pathway

No. 1 COMPETITIVE EXAM PREP INSTITUTE

Follow us on

Daily
Current Affairs
Booster

# Daily Current Affairs

IAS | HAS | NT

BANK | SSC | ALL COMPETITIVE EXAMS

Helpline & 98052-91450

## 26 अगस्त का इतिहास

- **1303 :** अलाउद्दीन खिलजी ने चित्तौड़गढ़ पर कब्जा किया।
- **1914 :** बंगाल के क्रांतिकारियों ने कलकत्ता में ब्रिटिश बेडे पर हमला कर 50 माउजर और 46 हजार राउंड गोलियां लूटी।
- **1982 :** नासा ने टेलीसेट-एफ का प्रक्षेपण किया।
- **1956 :** प्रसिद्ध राजनेत्री, संजय गाँधी की पत्नी मेनका गाँधी का जन्म हुआ था।
- **1920 :** अमरीका में महिलाओं को मताधिकार मिला।

## 26 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- उत्तराखंड में अंतरिक्ष गतिविधि की निगरानी के लिए भारत की पहली वेधशाला स्थापित की जाएगी। अंतरिक्ष उद्योग में एक स्टार्ट-अप दिगंतारा, उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में भारत की पहली व्यावसायिक अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता वेधशाला का निर्माण करेगा। यह पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए 10 सेंटीमीटर आकार की छोटी वस्तुओं को ट्रैक करने में सक्षम होगा। भारत अंतरिक्ष स्थिति जन्य जागरूकता वेधशाला की मदद से कक्षीय मलबे से लेकर सैन्य उपग्रहों तक सभी अंतरिक्ष गतिविधियों की निगरानी करने में सक्षम होगा।
- पुडुचेरी के सीएम एन.रंगासामी ने 2022-23 के लिए 10,696 करोड़ रूपये का बजट पेश किया। सीएम ने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत 500 करोड़ रूपये आवंटन के साथ केंद्रीय सहायता 1729.77 करोड़ रूपये होगी। उन्होंने कहा कि कर्ज के जरिए राजकोषीय घाटे को दूर किया जाएगा। भारत सरकार ने 1889.61 करोड़ रूपये तक की उधारी की अनुमति दी है।
- कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर और भारत सरकार ने एक मुख्यालय समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत CDRI को एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में मान्यता दी गई है। यह दर्जा इसे जमीनी स्तर पर कार्य करने में प्रभावी बनाएगा। यह CDRI को संयुक्त राष्ट्र अधिनियम 1947 के अनुसार सभी अधिकारों, उन्मुक्तियों और विशेष लाभों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने में सक्षम बनाएगा। इस संबंध में 31 देशों और आठ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा चार्टर का समर्थन किया गया है।
- नृत्य रूप गरबा को भारत द्वारा यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में अंकित करने के लिए नामांकित किया गया है। 2021 में दुर्गा पूजा को यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया था। यूनेस्को की अगली बैठक नवंबर में है और शायद गरबा को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची मे शामिल किया जाएगा। वर्तमान में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की यूनेस्को की प्रतिनिधि सूची में 630 धरोहर है।
- कनाडा के हैलिफैक्स में 20 से 26 अगस्त तक 65वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। सम्मेलन की थीम 'इंक्लूसिव, एक्सेसिबल, अकाउंटेबल एंड स्ट्रांग पार्लियामेंट, द कार्नर स्टोन ऑफ डेमोक्रेसी एंड एसेंशियल फॉर डेवलोपमेंट' है।
- संयुक्त राज्य और दक्षिण कोरिया ने 2018 के बाद से अपना सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। यह 22 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। चार साल में पहली बार दोनों देश उत्तर कोरियाई हमले का जवाब देने के लिए मैदानी अभ्यास आयोजित करेंगे।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा बलों को मेक इन इंडिया मार्ग के माध्यम से आपातकालीन हथियार खरीदने की अनुमति दी। यह रक्षा बलों को आवश्यकता के अनुसार किसी भी नए या सेवाकालीन उपकरण को फास्ट ट्रैक आधार पर हासिल करने की शक्ति देगा। इस श्रेणी के तहत उपकरण 3 महीने से एक वर्ष की समय सीमा के भीतर पहुंचा दिए जाएंगे। रक्षा बलों को अपने बजट से धन का उपयोग करना होगा और धन के लिए रक्षा मंत्रालय की मंजूरी की आवश्यकता नही होगी।
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पुणे में भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल बस की शुरूआत की। इसे KPIT और CSIR-NCL में बिस्फेनॉल-A पायलट संयंत्र का भी उद्धघाटन किया गया। सुलभ स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को पूरा करने आदि की दिशा में भारत के लिए हाइड्रोजन विजन महत्वपूर्ण है।
- भारत में एक नए वायरस Tomato Flu या Tomato Fever का पता चला है। लैंसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल के एक अध्ययन के अनुसार इस फ्लू की पहचान सबसे पहले भारत के केरल राज्य के कोल्लम जिले में मई माह में हुई थी। अब तक इससे 82 बच्चे संक्रमित हो चुके हैं, जिनकी उम्र पांच साल से कम है।
- शोधकर्ताओं ने एक समूह ने पश्चिमी घाट में अगस्त्यमलाई पहाड़ियों से बेंट-रोड गेको की एक नई प्रजाति की खोज की है। इस प्रजाति का नाम प्रसिद्ध मोलस्क विज्ञानी एन.ए.अरविंद के नाम पर रखा गया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. महिला समानता दिवस (Women's Equality Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 26 अगस्त (B) 27 अगस्त

(C) 29 अगस्त (D) 30 अगस्त

**(A)** हर साल 26 अगस्त को दुनिया भर में महिला समानता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 102वां महिला समानता दिवस मनाया जा रहा है। पचास सालों तक चली लड़ाई में अमेरिका की महिलाओं को 26 अगस्त 1920 के दिन मतदान का अधिकार मिला। इसी दिन को याद करते हुए अमेरिका में महिला समानता दिवस मनाया जाने लगा। महिला समानता दिवस महिलाओं को पुरूषों के समान मनाने की दिशा में एक कदम है।




**2. ग्रामीण गरीब परिवारों की आजीविका में सुधार करने के लिए किस राज्य सरकार ने 300 ग्रामीण आजीविका पार्क विकसित करने की घोषणा की है ?**

(A) तमिलनाडु (B) बिहार

(C) छत्तीसगढ़ (D) राजस्थान

**(C)** हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा की कि गांधी जयंती पर इस परियोजना का शुभारंभ किया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और गौ-धान को आजीविका का केंद्र बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रथम वर्ष में 300 ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाये जाएगे।



**3. अभ्यास पिच ब्लैक 2022 कहाँ आयोजित किया जा रहा है ?**

(A) सऊदी अरब (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) यूनाइटेड (D) फ्रांस

**(B)** डार्विन में 19 अगस्त से 8 सितंबर तक होने वाले अभ्यास पिच ब्लैक 2022 में भाग लेने के लिए भारतीय वायु सेना का एक दल ऑस्ट्रेलिया पहुंच गया है। यह रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स द्वारा आयोजित एक द्विवार्षिक बहु-राष्ट्रीय अभ्यास है। यह लार्ज फोर्स एम्प्लॉयमेंट वारफेयर पर ध्यान केंद्रित करेगा।



**4. केंद्र सरकार द्वारा किस राज्य के मिथिला मखाना को GI टैग प्रदान किया गया है ?**

(A) गोवा (B) हरियाणा

(C) मध्यप्रदेश (D) बिहार

**(D)** केंद्र सरकार के इस फैसले से मखाना उत्पादकों को मखाना उत्पाद का अधिकतम मूल्य मिलेगा। बिहार मखाना का प्रमुख उत्पादक राज्य है, जो देश के कुल उत्पादन का 80 प्रतिशत हिस्सा है। बिहार का मखाना पूरे भारत के अलावा चीन, जापान और थाईलैंड में बहुत लोकप्रिय है।



**5. हाल ही में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऑस्ट्रेलिया भारत शिक्षा परिषद की कौनसी बैठक का आयोजन किया गया ?**

(A) दूसरी (B) पांचवीं

(C) छठी (D) दसवीं

**(C)** हाल ही में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऑस्ट्रेलिया भारत शिक्षा परिषद की 6वीं बैठक का आयोजन किया गया। भारत के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने समक्ष जेसन क्लेयर के साथ इस परिषद की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान दोनों देशों के मध्य शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता में सहयोग को और मजबूत करने जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।



**6. यूरोप में आयोजित UEFA महिला चैंपियंस लीग 2022 में खेलने वाली भारत की पहली फुटबॉल खिलाड़ी कौन बनी है ?**

(A) शांति मल्लिक (B) अदिति चौहान
(C) मनीषा कल्याण (D) अवनी लेखरा

**(C)** भारत की 20 वर्षीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने इतिहास रच दिया है। वह UEFA महिला चैंपियंस लीग में खेलने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई है। मनीषा ने यह कीर्तिमान माकरियो स्टेडियम में अपोलन लेडीज FC के लिए खेलते हुए बनाया है।



**7. राइन नदी किस महाद्वीप में स्थित है ?**

(A) अफ्रीका (B) नार्थ अमेरिका
(C) एशिया (D) यूरोप

**(D)** यह नदी यूरोप में कई देशों से होकर प्रवाहित होती है। इस नदी की लंबाई 700 मील है। स्विट्जरलैंड से निकलकर यह स्विट्जरलैंड एवं ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड एवं जर्मनी, जर्मनी एवं जर्मनी एव हॉलैंड में बहती हुई उत्तरी सागर में विलीन हो जाती है। हाल ही में असामान्य गर्म और शुष्क मौसम के बीच, राइन नदी में जल स्तर कम हो गया है।



**8. अंतर्राष्ट्रीय कुत्ता दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 25 अगस्त (B) 26 अगस्त
(C) 28 अगस्त (D) 30 अगस्त

**(B)** अंतर्राष्ट्रीय कुत्ता दिवस हर साल 26 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन सभी कुत्तों को उनकी नस्ल, आकार आदि की परवाह किए बिना मनाने के लिए मनाया जाता है। यह लोगों को पालतू जानवरों की दुकानों से खरीदने के बजाय कुत्तों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय कुत्ता दिवस की स्थापना 2004 में की गई थी।




**9. भारत की 15वीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नए सचिव कौन बने है ?**

(A) खेमपाल सिंह (B) संजीव मेहता
(C) राजेश वर्मा (D) जगदीश कुमार

**(C)** भारत की 15वीं राष्ट्रीय द्रौपदी मुर्मू के नए सचिव राजेश वर्मा बने है। यह कपिल देव त्रिपाठी का स्थान लेंगे, जिन्हे तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का सचिव नियुक्त किया गया था। राजेश वर्मा ओडिशा कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी है।



**10. मलयालम आदिवासी समुदाय के पहले उपन्यासकार और केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता नारायण का निधन हो गया है, यह किस राज्य से संबंधित थे ?**

(A) केरल (B) ओडिशा
(C) झारखंड (D) तेलंगाना

**(A)** जाने-माने उपन्यासकार नारायण का कोच्चि में निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। साल 1999 में केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार के विजेता वे मलयारा समुदाय के पहले साहित्यकार हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है। 1998 में प्रकाशित नारायण के उपन्यास कोचारेथी ने कई अन्य पुरस्कार जीते थे।

